हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले तीन वर्षों से...




07 देवगढ़ रोड पर शराब की दुकानों से महिलाओं...



## खबर संक्षेप

### आज से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज

**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र की बोर्ड परीक्षाओं का मंगलवार से आगाज हो रहा है। 10 फरवरी से 12वीं व 13 फरवरी से 10वीं बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। विकासखंड में बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां की जा चुकी हैं। मंगलवार से कक्षा 12वीं की परीक्षाए प्रारंभ होगी। प्रातः 9 से 12 बजे तक होने वाली परीक्षा में प्रथम पेपर अंग्रेजी विषय का होगा। नलखेड़ा विकासखंड में बोर्ड परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से एक केंद्र उत्कृष्ट स्कूल नलखेड़ा संवेदनशील है। विकासखंड में कक्षा 12वी की परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1113 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्र हाई स्कूल धरोला पर 40 उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा पर 158 भारत माता स्कूल पर 111 सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा पर 306 सरस्वती शिशु मंदिर गुदरावन रोड़ पर 309 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव पर 62 एवं गुरुकुल कान्वेंट स्कूल नलखेड़ा पर 127 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि विकासखंड में उत्कृष्ट उमावि स्वाध्यायी विद्यार्थियों का सेंटर है जो संवेदनशील केंद्र है। बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए जिला व विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया गया है जो परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। बीईओ डॉ त्रिवेदी ने बताया कि विकासखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अपनी लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल के बाहर धरना दिया। शिक्षकों ने संघ जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर के नेतृत्व में टाउन हाल से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अमित सिंह को दिया। आजाद अध्यापक संघ के द्वारा विभिन्न मांगों और समस्याओं के निराकरण की मांग मुख्यमंत्री से की गई। आजाद अध्यापक संघ के द्वारा मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षकों की पेंशन, ग्रेच्युटी का मुद्दा उठाया गया। दिवंगत अध्यायसंवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिए जाने की बात भी कही गई । अध्यापक शिक्षक संवर्ग की बुक्त रिका पदों में से 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति किए जाने सहित अन्य मांगी रखी गई। प्रदर्शन में राजेन्द्र सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष आष्टा लाड सिंह मालवीय, भगत सिंह,लखन सिंह मालवीय,योगिता लोधी सहित बड़ी संख्या में जिले भर के शिक्षक शामिल रहे।

### शहर में ही प्रशासन की नाक के नीचे बिना विकास अनुमति के कट रही कॉलोनियां

# नोटिस तक सिमटी कार्रवाई, नहीं चल रहा अवैध कॉलोनियों पर प्रसाशन का बुलडोजर

बिना विकास अनुमति के प्लॉट बेचने का खेल जारी, प्रशासन की ढील से खरीदारों की पूंजी पर संकट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक आदेशों को भी हवा में उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले भर में अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने के लिए जारी किए गए सख्त निर्देशों के बावजूद मैदानी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। आलम यह है कि जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक बिना किसी अनिवार्य अनुमति के नई कॉलोनियां बसाई जा रही हैं और भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जिले के सभी राजस्व अधिकारियों, नगर पालिका अधिकारियों और जनपद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। आदेश में कहा गया था कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच की जाए और एक सप्ताह के भीतर उनकी सूची प्रस्तुत की जाए। इस आदेश के बाद प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप तो मचा, लेकिन इसकी तामील में कई विभागों ने सुस्ती दिखाई है। खास बात यह है कि प्रशासन केवल सूची तैयार करने में जुटा है तो दूसरी भू माफिया अवैध कालोनी काटने में जुटे हुए हैं। प्रशासन इन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसका उदाहरण जिला मुख्यालय स्थित नारायण विहार कालोनी को देखकर लगाया जा सकता है, जहां कृषि भूमि पर भू माफिया बिना विकास अनुमति के कालोनी काटकर प्लॉट बेच रहे हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने की जगह महज नोटिस की औपचारिकता ही कर रहा है।

### सीहोर-भैरुंदा और दोराहा ने भेजी सूची

कलेक्टर के कड़े रुख के बाद कुछ अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई है। सीहोर शहर तहसीदलदार ने सूची बनाकर कलेक्टर को भेज दी है, इसी तरह भैरुंदा सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने अपने क्षेत्र की ऐसी 16 कॉलोनियों की सूची बनाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजी है, जो अवैध रूप से संचालित हैं। जबकि दोराहा प्रशासन ने भी दोराहा-झरखेड़ा क्षेत्र की 16 अवैध कॉलोनियों की सूची जिला प्रशासन को भेजी है। हालांकि जिले के कई अन्य क्षेत्रों के अधिकारी अभी भी जानकारी जुटाने के नाम पर ढील-पोल कर रहे हैं, जिसका फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं।

### नियमों को ताक पर रखकर हो रहा विकास

जिले भर में कई ऐसी कॉलोनियां हैं जहां बिजली, पानी, ड्रेनेज और सडक़ जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए अनिवार्य विकास अनुमति नहीं ली गई है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा जैसे महत्वपूर्ण नियमों की अनदेखी कर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### सावधानः प्लॉट खरीदने से पहले ये 5 दस्तावेज जरूर देखें

**कालोनाइजर लाइसेंसः** कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी।
**टी एंड सीपी मंजूरीः** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत नक्शा।
**विकास अनुमतिः** स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज के विकास की अनुमति।
**रेरा पंजीयनः** मप्र रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
**एनओसीः** नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र।

### रिश्तों के आगे नतमस्तक प्रशासनिक नियम




जिला मुख्यालय पर ही एक ऐसा ताजा मामला सामने आया है जहां नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि शहर में एक नई कॉलोनी काटी जा रही है, जिसके कर्ता-धर्ताओं ने विकास अनुमति लेना तक मुनासिब नहीं समझा। सूत्रों की मानें तो इस कॉलोनी में एक बड़े प्रशासनिक अधिकारी के भाई का नाम भी शामिल है। शायद यही वजह है कि कलेक्टर के आदेश के बावजूद इस कॉलोनी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और न ही इसे अवैध की सूची में डालने की हिम्मत दिखाई जा रही है।

#### कार्रवाई करेंगे

हमने अपने क्षेत्र की 16 अवैध कॉलोनियों की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी है, कार्रवाई करेंगे।

**राम प्रसाद भावरे,** सीएमओए भैरुंदा

#### सूची जल्द भेजेंगे

अभी अवैध कॉलोनियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, जल्द ही सूची तैयार कर भेजी जाएगी।

**संजय अग्रवाल,** जनपद सीईओ भैरुंदा

#### सभी को दिए हैं नोटिस

कलेक्टर के निर्देश मिलते ही अवैध कॉलोनाइजर पर कार्रवाई की जाएगी। सभी को नोटिस दिए गए है।

**अमित सिंह,** तहसीलदार सीहोर शहर

# गाय का शिकार करते दिखे तेंदुआ व दो शावक

### क्षेत्र में भय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील भैरुंदा के जंगल से सटे ग्राम जाट मुहाई क्षेत्र में शनिवार देर रात तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ खुले इलाके में नजर आया। तेंदुआ द्वारा एक गाय का शिकार किए जाने का वीडियो ग्रामीणों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो सामने आते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और जंगल से सटे गांवों में दहशत का माहौल बन गया है।वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि तेंदुआ गाय का शिकार करने के बाद उसे नोच रहा है, जबकि उसके साथ दो शावक भी मौजूद हैं। इसी दौरान ग्रामीणों की गाड़ी की रोशनी पड़ते ही तेंदुआ सतर्क हो गया और दोनों शावकों के साथ जंगल की ओर बढ़ गया। यह घटना गोपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत जाट मुहाई के आसपास की बताई जा रही है। पहली बार तेंदुआ गांव के इतने नजदीक शावकों के साथ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले तेंदुए की हलचल जंगल तक ही सीमित थी, लेकिन अब उसका गांव के खुले इलाके तक आना खतरे की घंटी है। विशेषकर पशुपालकों में अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

रात के समय खेतों और बाड़ों में मवेशियों की रखवाली करना अब जोखिम भरा हो गया है।वीडियो वायरल होते ही वन विभाग हरकत में आ गया। जाट मुहाई सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया गया। मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों से अपील की गई कि रात में अकेले बाहर न निकलें, बच्चों को घर से बाहर न जाने दें और मवेशियों पर विशेष निगरानी रखें। साथ ही किसी भी स्थिति में तेंदुआ या अन्य वन्य प्राणियों के पास जाने या उन्हें भगाने का प्रयास न करें।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त अमले की तैनाती भी की जाएगी। विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

बताया जा रहा है कि जाट मुहाई और आसपास का क्षेत्र खिबनी अभ्यारण से जुड़ा हुआ है। बीते कुछ दिनों से खिबनी क्षेत्र में तेंदुआ और उसके शावकों की मूवमेंट की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। माना जा रहा है कि भोजन की तलाश में जंगली जानवर अभ्यारण से बाहर निकलकर ग्रामीण इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में देवास जिले की खातेगांव तहसील के गनौरा क्षेत्र में भी जंगली जानवर द्वारा मवेशी के शिकार की घटना सामने आई थी, जिससे जंगल से सटे इलाकों में खतरे के संकेत बढ़ते जा रहे हैं। लाड़कई वन परिक्षेत्र के अधिकारी प्रकाश चंद ऊइके ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मानव और वन्यजीव—दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग और सतर्कता से बचाव के लिए कहा है।

# सम्मान समारोहः अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को मंच से सीहोर गौरव सम्मान दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शहर की प्रतिभाओ के सम्मानित करना उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास नगर पालिका ने किया है। जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो हम सिर्फ उसका मनोबल नही बढ़ाते, बल्कि शहर के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नगर पालिका का यह ऐतिहासिक प्रयास काफी सफल रहा है।

उक्त विचार नगर पालिका के तत्वाधान में क्षेत्रवासियों और मीडिया बंधुओं के द्वारा कराए गए ऐतिहासिक प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर गौरव का पुरस्कार प्राप्त करते हुए अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि हम हमारे शहर का गौरव सम्मान नवंबर में करते हुए आ रहे थे, लेकिन किसी कारणवश यह कार्यक्रम का आयोजन अब किया जा रहा है। उन्होंने टीवी एक्टर नेहा मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय विधायक सुदेश राय, कलेक्टर बाला गुरु के, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएमओ सुधीर कुमार सहित अन्य का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद वक्ताओं ने कहाकि आज हमारे शहर की प्रतिभाओं ने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया है इसके अलावा विश्व में सनातन धर्म को मजबूत करने और जन-जन में शिव नाम की महिमा पहुंचाने वाले हमारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का मंच से सम्मान किया जा रहा है। किसी भी नगर का विकास सही मायनों में तभी हो सकता है, जब उस नगर की प्रतिभाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाये। प्रतिभाओं के सम्मान से अन्य वर्गों के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। हमारे यहां पर आध्यतम का क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र, खेल, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्र ऐसे है जिनमें अनेक प्रतिभाओं ने हमारे क्षेत्र का नाम रोशन विश्व पटल पर दर्ज किया है, ऐसी प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका के तत्वाधान में यह सम्मान किया गया है।

### प्रतिभाओं का सम्मान

साहित्य, खेल, समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विज्ञान, आईएएस, आईपीएस, स्वच्छता, धर्म आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए कई प्रतिष्ठित आयोजन होते है, 2025-2026 के संदर्भ में प्रमुख सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए सभी का मिलकर प्रयास करना जरूरी है। इसके अलावा 100 से अधिक प्रतिभाओं के सम्मान कार्यक्रम के साथ लकी ड्रा में तीन महिला और पुरुष को इनाम दिया गया।

# बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ हर वर्ग के कल्याण की चिंताः सारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर द्वारा में केन्द्रीय बजट 2026 - 27 को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन सीहोर जिला मुख्यालय स्थित होटल अदिश्री में किया गया । इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के युवा, खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री जितेन्द्र गौड़, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर मंचासीन उपस्थित रहें।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदशन व नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। 2014 में कांग्रेस के शासन काल में भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और अब मोदी जी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है।

मोदी जी की नीतियों व दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। विश्वास सारंग ने कहा कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि GYAN यानी G-गरीब, Y-युवा, A-अन्नदाता और N-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री की सरकार समर्पित है। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ ही दुनिया में भारत की ताकत का अहसास कराया है इस बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए गये है। यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट मोदी जी के विजन रिफार्म परफार्म और ट्रांसफोर्म को परिलक्षित कर रहा है।

### स्वच्छ ऊर्जा, समृद्ध किसान की दिशा में प्रभावी पहल

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं मैन्योर मैनेजमेंट प्रोग्राम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने तथा गोबर एवं जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

इस योजना के अंतर्गत परिवार आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना पर शासकीय अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे ग्रामीण परिवारों को रसोई गैस जैसी स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद भी प्राप्त होती है। योजना पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की लागत कम कर आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज निवासी किसान अजब सिंह मेवाड़ा भी उन किसानों मे से एक हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिला है। किसान श्री मेवाड़ा ने योजना के अंतर्गत 3 घनमीटर क्षमता का बायोगैस संयंत्र स्थापित कराया, जिसके लिए उन्हें शासन की ओर से 14,350 रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। संयंत्र स्थापित होने के बाद उनके परिवार को प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में बायोगैस उपलब्ध हो रही है, जिसका उपयोग वे अपने रसोईघर में भोजन बनाने के लिए कर रहे हैं। अब उन्हें गैस सिलेंडर खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ रही, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और ईंधन की समस्या से भी राहत मिली है।

संयंत्र से निकलने वाली स्लरी का उपयोग मेवाड़ा जैविक खाद के रूप में अपने खेतों में कर रहे हैं। इस खाद के उपयोग से खेतों की उर्वरता में सुधार हुआ है, खरपतवार की समस्या कम हुई है तथा फसल उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटने से खेती की लागत कम हुई है और भूमि की गुणवत्ता में सुधार आया है। इस प्रकार नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं मैन्योर मैनेजमेंट प्रोग्राम किसानों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जैविक खेती और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# सौगात मिलीः अब सीहोर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी अहमदाबाद, मुंबई बांद्रा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। लंबे समय से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे सीहोर वासियों की मुराद पूरी हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज को स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों का नियमित स्टॉपेज रहेगा, जिनमें अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19489/19490) और मुंबई बांद्रा-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19091/19092) शामिल हैं।

### सांसद शर्मा के प्रयास लाए रंग

इन ट्रेनों के ठहराव का श्रेय क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा के विशेष प्रयासों को दिया जा रहा है। सांसद शर्मा ने क्षेत्र की जनता की मांग को देखते हुए रेल मंत्रालय और व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सीहोर में इन ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।

### सीधे जुड़ेंगे महानगर से, यात्रियों को मिलेगी राहत

अब तक सीहोर के यात्रियों को इन ट्रेनों को पकडऩे के लिए भोपाल या अन्य बड़े स्टेशनों पर जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। अब सीहोर स्टेशन पर स्टॉपेज मिलने से गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जाने वाले हजारों यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्राम सुमरा खेड़ी के हरि सिंह पहलवान का 90 वर्ष मे निधन



**भौरासा।** समीपथ ग्राम सुमरा खेड़ी के एक मात्र जाने माने हरि सिंह पहलवान का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पहलवान हरि सिंह ने देवास सहित अन्य स्थानों पर भी अपनी अलग ही पहचान बनाई थी। बलदेव सिंह के बड़े भाई कांग्रेस नेता भगत सिंह पदम सिंह के पिता एव गोवर्धन सिंह, दूले सिंह, उदय सिंह, माखन सिंह के बड़े पापा व मोहन दिलराज दीपक के दादा हरि सिंह पहलवान का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर ग्राम सुमराखेड़ी के मकुंद पटेल, हेमराज काका, नारायण सेठ,रामलाल लाइनमैन सरपंच परषोत्तम पटे,सरदार भाई,पूर्व सरपंच प्रहलाद सिंह पटेल,मुकेश पटेल, जगदीश पटेल,जितेंद्र पटेल,तेज सिंह पटेल,रवि पटेल भौरासा नगर के पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर, नाना गुरु,मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर आराम सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, राजकुमार पटेल,नगजीराम यादव, दिनेश यादव,रमेश इनानी,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,लाल सिंह पहलवान आदि समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, दो घायल

**देवास।** अर्जुन बडौद क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सडक़ हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को एमजी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार, शाकिर खान और अफसर, दोनों मच्छुखेड़ी, महू के निवासी हैं। वे आसलपुर से एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। अर्जुन बडौद के पास एक अज्ञात बड़े वाहन के ड्राइवर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे में शाकिर खान को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अफसर को मामूली चोटें लगी हैं। घटना के तुरंत बाद, दोनों घायलों को उपचार के लिए देवास के एमजी जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

### अभियान के तहत खेत पर लगाया सूरजना

**देवास।** शासन निर्देशानुसार जिले में क्रियान्वित की जा रही "एक बगिया मां के नाम" परियोजना अंतर्गत जनपद पंचायत बागली के ग्राम पांडुलातब की आजीविका स्व सहायता समूह की सदस्य नाच्छूबाई द्वारा अपने खेत पर सूरजना के सौ पौधे लगाए गए है। पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग का कार्य भी पूर्ण करा लिया है। इस परियोजना से हितग्राही की आजीविका में वृद्धि होगी।

## ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत देवास पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

# भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले तीन वर्षों से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

### भरण-पोषण संबंधी वारंटो की प्राथमिकता से तामिली हेतु चलाया जा रहा है अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार प्रदेशभर में हेल्पिंग हैण्ड अभियान चलाया जा रहा है जिसमें भरण-पोषण वारंटो की तामीली को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा भरण-पोषण के वारंटो की तामीली मिशन स्तर पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है , जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एच.एन. बाथम के मार्गदर्शन मे उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन मे थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता जाटव एवं चौकी प्रभारी डबलचौकी उपनिरीक्षक मयंक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीमे भरण-पोषण के वारंटो की तामीली हेतु मिशन स्तर पर कार्यरत है ।

थाना बैंक नोट प्रेस पुलिस के द्वारा न्यायालय देवास जिला देवास के प्रकरण क्रमांक MJCR/191/2023 धारा 125(3) CRPC के उक्त प्रकरण का आरोपी राकेश पिता भेरु सिंह मालवीय उम्र 30 साल निवासी न्यु देवास का लगभग 03 वर्ष से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था । उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक प्रीती कटारे के नेतृत्व में "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत विशेष टीम गठित की गई । टीम द्वारा आरोपी को दिनांक 09 फरवरी को जिला देवास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय देवास के समक्ष पेश किया गया।

उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड"*के तहत 01 मार्च 2025 से आज दिनांक तक कुल 22 फरार/स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।

## कलेक्टर ने परीक्षाओं को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

### परीक्षाओं को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में विभिन्न परीक्षाओं के सुगम एवं सफल संचालन के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1), (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर छात्र/शैक्षिक हित को दृष्टिगत रखते हुए जिला देवास के सम्पूर्ण जनसामान्य को जिला देवास स्थित समस्त शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर की परिधि हेतु उक्त वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने से समाप्त होने तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर आदेश जारी किया है कि कोई भी व्यक्ति / समूह, परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में कोई अनाधिकृत या अवांछनीय व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा और न घूमेगा।कोई भी व्यक्ति / समूह उक्त परिधि या कही भी परीक्षा में नकल कराने की दृष्टि से किसी भी प्रकार के कागज या अन्य वस्तुओं का वितरण या प्रचार प्रसार नहीं करेगा और न ही इलेक्ट्रॉनिक संसाधन, मोबाईल, कम्प्यूटर या अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से कोई मेसेज आदि प्रसारित करेगा। कोई भी व्यक्ति/ समूह उक्त परिधि में सार्वजनिक रूप से ध्वनि विस्तार यंत्र, माईक, चोंगा का उपयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह परीक्षा से संबंधित अधिकारी / वीक्षक (इन्वीजीलेटर), कर्मचारी के साथ बहस या परीक्षा विरोधी वार्तालाप या डराने धमकाने अथवा रोकने का कार्य / प्रयास नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह परीक्षा केंद्रो पर परीक्षा में नकल या सामूहिक नकल करने या कराने का कार्य / प्रयास नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या समूह उक्त परिधि में अस्त्र शस्त्र, लाठी, डंडा, भाला, तलवार, चाकू या अन्य धारदार हथियार न तो साथ लेकर चलेगा और न उसका उपयोग करेगा। आयुध का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि के अन्दर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निहित शर्तों के अधीन सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना नहीं किया जावेगा। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करता है, तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंड का भागीदार होगा। उक्त आदेश जारी होने के दिनांक से समस्त परीक्षाएं समाप्त होने तक समस्त परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रभावशील रहेगा।

### संकल्प से समाधान अभियान

**देवास।** संकल्प से समाधान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना संकल्प से समाधान में शासन की महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही को मिले इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। 12 जनवरी से 15 फरवरी तक इस अभियान के तहत निगम सीमा क्षेत्र मे प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन हितग्राही मूलक योजनाओं के शिविर केम्प आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राही को मिले इस हेतु सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तैनात किये गये हैं जो हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर रहे है। दिनांक 11 फरवरी को वार्ड 22 एवं वार्ड 23, 12 फरवरी को वार्ड 24 वार्ड 25, 13 फरवरी को वार्ड 42 वार्ड 43 तथा 14 फरवरी को वार्ड 44 एवं वार्ड 45 में शिविर आयोजित होगें। महापौर ने पात्र हितग्राहियों से आग्रह किया है कि वार्डो में आयोजित शिविरों मे आकर योजनाओं का लाभ लेवें।

## क्रिकेट लीग सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ क्रिकेट टीम द्वारा आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग, 2026 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन दिनांक 7 व 8 फरवरी को स्थानीय पुलिस ग्राउंड पर आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट संयोजक गोविन्द जोशी एवं सह संयोजक श्वेतांक राज शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन में जिले की कुल 22 शामिल हुई थी। प्रत्येक टीम ने बड़े उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता की है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बागली व देवास केसरी 11 में बीच खेला गया जिसे देवास केसरी 11 ने 7 विकेटों से यह मैच जीता है। आयोजकों और न्यायधीशो के बीच मैत्री मैच हुआ। जजेस 11 व एडवोकेट 11 के बीच एक 10 ओवर का मैत्री मैच खेला गया जिसमें एडवोकेट 11 विजय रही। टूर्नामेंट को सफल बनाने में संकेत सोलंकी, आयुष महाजन, आयुष तिवारी, रजत पंड्या, समीर खान, इंदरजीत शर्मा, महेंद्र सिंह राणावत, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, आदि अन्य अभिभाषको का योगदान रहा। सयोजक एड. गोविंद जोशी द्वारा आयोजन में पधारे जिला अभिभाषक संघ के समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

**चापडा।** प्रदेश सरकार द्वारा दुर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की जा रही है। इसी कड़ी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेवन्याखुर्द में सोमवार को 23 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद जाटव, गोविंद बैरागी, गोविंद यादव सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान अतिथियों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों को दी गई। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान अखिल बड़ौला, दिनेश चौहान ,कुंदन धारसिया सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पेंशनर और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक देवास में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



8 फरवरी को पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक देवास में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा एवं विशेष अतिथि देवास जिला अध्यक्ष देवी शंकर तिवारी रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात जिले की ओर से समस्त अतिथियों का मोतियों की माला और पेंशनर संघ का दुपट्टा औड़ा कर स्वागत जिला अध्यक्ष देवी शंकर तिवारी, जिला सचिव अरविंद शर्मा, जिला सह सचिव कांतिलाल पटेल ने किया। सर्वप्रथम प्रदेश से आए हुए प्रतिनिधियों ने अपना अपना परिचय दिया। तत्पश्चात पिछली बैठक की कार्यवाही का विवरण प्रदेश महामंत्री हरिहर शर्मा द्वारा विस्तार से वाचन किया गया एवं संघ द्वारा की गई कार्रवाई से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात सभी जिलों के एक-एक प्रतिनिधि द्वारा अपने-अपने जिले की वर्ष भर की गतिविधि प्रस्तुत की गई। देवास से एम एल मालवीय देवड़ा, मुरैना से आर सी शर्मा, उज्जैन से जिला अध्यक्ष अरविंद भटनागर, जी एस उदेनिया दतिया, सुरेश रतलाम एवं गुना मंदसौर आदि जगहों के प्रतिनिधि ने अपने-अपने जिले की वर्ष भर की गतिविधि का वाचन किया। कार्यक्रम के पश्चात दिवंगत पेंशनर साथियों घनश्याम श्रीवास्तव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के मुख्य एजेंडा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष हेतु देवास जिला अध्यक्ष पण्डित देवीशंकर तिवारी का नाम प्रस्तावित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की इस विषय को प्रदेश कि साधारण सभा में अनुमोदन हेतु रखा जाएगा। धारा 49 ,6, को हटाए जाने, लंबित एरियर के भुगतान हेतु, महंगाई भत्ते की किस्त दिए जाने हेतु, प्रत्येक जिले स्तर पर एवं प्रदेश स्तर पर ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया शासन से पुरज़ोर मांग कर तत्काल मांग पूरी करने हेतु आवेदन दिए जाएं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मोहरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओ पी सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शैव्य, उपाध्यक्ष रामलाल लुवानिया, तहसील शाखा के अध्यक्ष प्रमोद भावसार, राधेश्याम जोशी, राधेश्याम सोलंकी, बी एल मोदी, राम प्रसाद खराडिया, कालुराम नवगोत्री, जगदीश जायसवाल, गोवर्धनसिंह जलखेडिया आदि सदस्य उपस्थित है। संचालन प्रदेश महामंत्री हरिहर शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन देवास जिला सचिव अरविंद शर्मा ने माना।

## बीएड कॉलेज के छात्रों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय शिक्षा महाविद्यालय देवास के बीएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर छात्रवृत्ति संबंधी गंभीर समस्या की शिकायत दर्ज कराई। छात्रों ने बताया कि उनकी छात्रवृत्ति का डेटा अभी तक एमपीटास (MPTAAS) पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाया है, जिसके कारण छात्रवृत्ति प्रक्रिया लंबित है।विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने छात्रवृत्ति के भरोसे ही बीएड में प्रवेश लिया था और अब पढ़ाई जारी रखे हुए हैं। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन उन्हें अभी तक छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हुई है। छात्रों ने इस संबंध में दो बार ज्ञापन भी सौंपे हैं। इसके बावजूद, उनका डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है, जिससे उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है।विद्यार्थियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत होने के बावजूद यदि छात्रवृत्ति नहीं मिली, तो उनके लिए आगे की पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित विभाग को तत्काल निर्देश दिए जाएं ताकि उनका डेटा शीघ्र अपलोड हो सके और उन्हें समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

### 96 विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाएं रहे उपस्थित

# अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ का सम्मान समारोह संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम अकादमी, देवास में नगर के अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षक सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा संस्कृति न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने की। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. ओमप्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संघ के अध्यक्ष राजेश खत्री एवं सचिव दिनेश मिश्रा मंचासीन रहे।अध्यक्षीय उद्बोधन में अतुल कोठारी ने अशासकीय शिक्षण संस्था संचालक संघ द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम सभी के भीतर सबसे पहले "आचार्य देवो भवः" की भावना होनी चाहिए, क्योंकि विश्व में आचार्य का कार्य सबसे श्रेष्ठ एवं चुनौतीपूर्ण होता है।कार्यक्रम में देवास के 96 विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सैयद मकसूद अली एवं कीर्ति चव्हाण द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत इज्ञीयर अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।संघ द्वारा देवास के शिक्षक हेमंत वर्मा को साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाने हेतु तथा शिक्षक दंपति आदित्य दुबे एवं रिचा दुबे को पर्यावरण संरक्षण हेतु संचालित "मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश" अभियान के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।साथ ही देवास नगर के विभिन्न विद्यालयों के श्रेष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं मेंकल्पना व्यास, मीनाक्षी पाठक, संजय देवल, प्रज्ञा मिश्रा, रेणुका अवधवाल, समीना शेख, शैलजा पिल्लई, पूनम मंडल, अंजुलता जवाने, स्वाति प्रजापति, अरुणा जैन, ज्योति भंडारी, रेशमा शेख, रेखा कुमावत, स्मृति नासिकर, निदा शेख, विनोद चौहान, जयमाला कानूनगो, दक्ष गोस्वामी, रीना ठाकुर, श्वेता माली, रत्नमाला मकोड़े, रिया नागवानी, शिवानी आचार्य, रेखा वर्मा, शीला वर्गीस, शोभा सुनील, मेघा शर्मा, आकाश चौहान, नीलमणि, ज्योति पटेल, दिशा कोष्टी, रेणु सक्सेना, ममता यादव, आबिद अली, आकांक्षा जायसवाल, पूजा रघुवंशी, विलय नायर, सोनिया हिनोरे, यास्मीन शेख, नेहा बोदानिया, गोवर्धनलाल बोदानिया, पूजा शर्मा, आशीष पौराणिक, रागिनी चौरसिया, सारिका मुजमेर, सुनीता शर्मा, प्रमिला तिवारी, ममता ठाकुर, विपिन शर्मा, प्रियंका व्यास, उषा देशमुख, तरुणा शिंदे एवं संजीव शर्मा सहित कुल 96 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।स्वागत भाषण संघ अध्यक्ष राजेश खत्री ने दिया। अतिथि परिचय सुरेंद्र राठौर द्वारा कराया गया तथा कार्यक्रम के अंत में स्वप्निल जैन ने आभार प्रदर्शन किया।उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी शकील कादरी, आदित्य दुबे एवं अबरार अहमद शेख द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

## छात्राओं को साइबर फ्राड से बचने के बताए तरीके




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बांगर में प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस का आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। प्रथम सत्र के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि साइबर सेल देवास से प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर ने विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल लिटरेसी एवं नवीनतम साइबर ठगी के तरीकों एवं इनसे बचाव की जानकारी दी। साथ ही छात्रों को इंटरनेट मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, फर्जी जॉब या लोन ऑफर, डिजिटल पेमेंट से जुड़े जोखिम एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा ग्राम में सामाजिक कुरीतियों एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरुक करते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसका उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराइयां कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा एवं नशाखोरी आदि समस्याओं से अवगत कर दुष्प्रभाव से अवगत कराना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल, डॉ. अनीता भाना, डॉ. वर्षा जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट चार पर एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर चौकी अंतर्गत सिद्धंनपुरा इलाके में रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिसनारी में सीमेंट वाली गली में रहने वाले राजीव यादव पुत्र रामसरकार यादव ने बताया कि बीती 7 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 बजे अपनी बहन को लेने सिद्धंनपुरा नेहरू नगर आया था। इसी दौरान अशंश यादव, शिवम यादव, अंशुल यादव और विजय विश्वकर्मा ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की, जिससे उसके चेहरे और आंख में चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के बाद सभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और अगले दिन 8 फरवरी 2026 को कोतवाली थाने में लिखित तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

### मारपीट व धमकी का आरोप, पति-पत्नी घायल

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रावतयाना मोहल्ले में गाली-गलौज के विरोध पर पड़ोसी दंपती द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 7 फरवरी की बताई जा रही है। पीड़िता मोहल्ला रावतयाना निवासी श्रीसा पत्नी राजपाल ने आरोप लगाया कि उनके पति घर के बाहर बैठे थे, तभी मोहल्ले में रहने वाले आरोपी ने अभद्र गालियां देनी शुरू कर दीं। मना करने पर आरोपी और उसकी पत्नी ने मिलकर लात-घूंसे व डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर पीड़िता बीच-बचाव में आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई, जिससे दंपती को चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार, उसके पति के दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। तहरीर में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने झूठे मुकदमे में फंसाने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एफआईआर दर्ज कर ली है।

### जमीन रजिस्ट्री को लेकर मारपीट, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम गडिय़ा में जमीन की रजिस्ट्री को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गडिय़ा निवासी कृष्णपाल पुत्र प्रताप यादव ने लिखित शिकायत में बताया कि 6 फरवरी की रात करीब 11 बजे उसके घर के बाहर गांव के ही महेंद्र, दीपक (दोनों पुत्र ठाकर दास यादव) और प्रेम सिंह पुत्र प्रीतम लाल यादव पहुंचे और उसे जमीन की रजिस्ट्री करने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित द्वारा मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। शोर सुनकर परिजन बाहर आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर थाना बार पुलिस ने मामला पंजीकृत किया है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, सुधार के निर्देश

**विदिशा।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन में सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में बीएमओ, बीपीएम सहित सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एमपीएस और एएनएम स्टाफ मौजूद रहा। सीएमएचओ ने यू-विन पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान, समय पर एएनसी पंजीकरण, सही अनुमानित प्रसव तिथि दर्ज करने तथा चारों एएनसी जांच शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं की निगरानी में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण और प्रगति तेज करने को कहा।

गिरफ्तारी व आर्थिक सहायता की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

# राज्य मंत्री की गाड़ी से हुए एक्सीडेंट में दूसरे साथी की भी मौत, जाम लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने अब पूरी तरह राजनीतिक तूफान का रूप ले लिया है। हादसे में शिवेंद्र की मौके पर मौत और घायल अनुज की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

परिजनों का आरोप है कि हादसे में शामिल फॉच्युनर वाहन एक नामजद पर ठोस कार्यवाही नहीं की गयी। प्रदर्शन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, सपा नेत्री गीता मिश्रा, विजय यादव, इंजी.हृदेश यादव मुखिया, शत्रुघन यादव, पूजा यादव बुन्देलखण्डी, नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रमोद यादव इमलिया, कांग्रेस नेता मोन्टी शुक्ला, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, भीम आर्मी के जिला प्रभारी हरपाल सिंह व जिलाध्यक्ष रमाकांत चौधरी समेत कई राजनेता मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। नेताओं ने इसे सामान्य सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में हुआ अपराध बताया। सपा नेताओं ने कहा कि यदि आरोपी किसी आम परिवार से होता तो अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती, लेकिन प्रभावशाली लोग होने के कारण सही कार्यवाही नहीं हो पायी। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था केवल कागजों में है, जमीनी हकीकत में प्रभावशाली लोगों को खुली छूट मिली हुई है।

### डीएम-एसपी ने प्रदर्शनकारियों को समझाया

बरखेरा में प्रदर्शन कर रहे लोगों की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष विश्वकर्मा, सीओ सिटी सुनील कुमार मौके पर पहुंच गये। यहां डीएम सत्य प्रकाश ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा कि प्रशासनिक स्तर से मृतक के परिजनों को जो भी मदद संभव है की जा रही है। कहा कि दोनों मृतकों को तत्काल 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया करायी जा रही है। वहीं एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि घटना के बाद पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है। इसमें धाराओं के अनुसार जो भी कार्यवाही है, वह की जा रही है। डीएम-एसपी ने लोगों से आह्वान किया कि वह इस प्रकार प्रदर्शन न करें, ताकि दूसरे लोगों को भी परेशानियां न हों।

### इनका कहना है...

सड़क दुर्घटना में पहले एक युवक की मृत्यु हुयी थी, जिसके बाद उपचाररत एक और युवक की मृत्यु हो गयी, जिससे मृतक के परिजनों में रोष व्यक्त किया गया था। परिजनों की मांग जो थी, उस पर कार्य किया गया। मृतक के परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और हर संभव मदद की जायेगी।

**सत्य प्रकाश, जिलाधिकारी ललितपुर**

थाना जाखलौन क्षेत्र में विगत दिनों एक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की उसी समय मौत हो गयी थी। दूसरे घायल की कल रात मृत्यु हो गयी थी। उसी को लेकर परिजनों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया था। इस पर उन्होंने डीएम के साथ परिजनों से वार्ता करके उनको समझाया गया, उसके बाद परिजनों ने शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये। यातायात सुचारू है और कानून व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी नहीं है।

**मो.मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक, ललितपुर**

डीएम से हटाने की मांग की

# देवगढ़ रोड पर शराब की दुकानों से महिलाओं में भय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर के मोहल्ला नेहरू नगर देवगढ़ रोड क्षेत्र में देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को लेकर स्थानीय महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है। इसी को लेकर मोहल्लावासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए शराब की दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि देवगढ़ रोड पर स्थित देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की पूर्ण क्षमता बहाल कर दी गई है। इससे पहले भी बीते वर्ष 01 अप्रैल 2025 को इन दुकानों को खोले जाने का विरोध किया गया था, जिसमें मोहल्ले की महिलाओं ने आपत्ति जताई थी। बावजूद इसके समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। मोहल्ला वासियों का कहना है कि शराबियों द्वारा आए दिन सड़क पर गाली-गलौज, झगड़ा और खुलेआम शराब पीने जैसी गतिविधियां की जाती हैं, जिससे मंदिर, स्कूल और बाजार जाने वाली महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में सड़क पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को लेकर भी शिकायत की गई थी, लेकिन उस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी से देवगढ़ रोड नेहरू नगर में स्थित शराब की दुकानों को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किये जाने की मांग उठायी गयी, ताकि मंदिर व स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रार्थना पत्र पर कई महिलाओं व स्थानीय निवासियों में रामकुंवर, रवि प्रभा, ममता, सौम्या, सामवती, राजकुमारी, अनुराधा, कमला, मीरा, सविता, मनीष, दीपक, सागर, रामसेवक, ऊषा, खिलान, रजनी, फूलन, मनोज, विमलेश, बेबी, ममता, सीता, मनीषा, रानी, पूना के हस्ताक्षर अंकित बताये गए हैं। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।

पीड़िता ने कार्रवाई की गुहार लगाई

# महिला किसान ने कृषि भूमि से अवैध मिट्टी खनन करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले की तहसील ललितपुर अंतर्गत ग्राम बुढ़वार में एक अनुसूचित जाति की गरीब महिला की कृषि भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बुढ़वार निवासी पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं खान अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अनुसूचित जाति से संबंध रखती है तथा अत्यंत निर्धन अवस्था में अपनी कृषि भूमि पर काश्तकारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती आ रही है। पीड़िता की आराजी संख्या 3385/2, रकबा 1.0680 हेक्टेयर, ग्राम बुढ़वार में स्थित है। आरोप है कि उक्त आराजी पर गांव व शहर क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा दबंगई से बिना किसी वैध अनुमति के जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे पीड़िता की खेती पूरी तरह प्रभावित हो गई है और उसकी फसल नष्ट हो चुकी है। पीड़िता का कहना है कि अवैध खनन के कारण वह अपनी



जमीन पर खेती नहीं कर पा रही है, जिससे उसका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। बार-बार रोकने के बावजूद खनन कार्य जारी है, जिससे उसे आर्थिक और मानसिक क्षति झेलनी पड़ रही है। पीड़िता ने मांग की है कि उसकी भूमि पर हो रहे अवैध खनन को तत्काल रोका जाए, दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा उसे अपनी कृषि भूमि पर शांतिपूर्वक काश्तकारी करने की आजादी प्रदान की जाए। मामले की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, खनन एवं पर्यावरण मंत्री को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक संज्ञान लेकर पीड़िता को न्याय दिलाता है।

प्रशासनिक उदासीनता से वंचित हो रहीं आदिवासी महिलाएं

# डीएम से लगाई गुहार, आधार कार्ड, लेबर, राशन कार्ड, बच्चों के जन्म प्रमाण उपलब्ध नहीं कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले की तहसील पाली अंतर्गत ग्राम गौना ब्लॉक मड़ावरा की अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) महिलाओं ने प्रशासनिक उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। महिलाओं का कहना है कि वर्षों से निवास करने के बावजूद उन्हें आज तक आधार कार्ड, लेबर कार्ड, राशन कार्ड, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिसके कारण वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरी तरह वंचित हैं।



महिलाओं ने बताया कि दस्तावेज न होने के कारण न तो उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है और न ही आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध हो पा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम गौना में स्थित कृषि योग्य भूमि के बावजूद पात्र अनुसूचित जनजाति परिवारों को खेती के लिए पट्टे भी आवंटित नहीं किए गए हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रार्थना पत्र में आदिवासी महिलाओं ने मांग की है कि ग्राम स्तर पर विशेष शिविर लगाकर आधार कार्ड, लेबर कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज बनाए जाएं, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही ग्राम गौना में उपलब्ध कृषि योग्य भूमि का पट्टा पात्र अनुसूचित जनजाति परिवारों को आवंटित किया जाए, जिससे वे खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। महिलाओं ने जिलाधिकारी से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। ज्ञापन देते समय आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., चन्दरानी, शांति, कल्लो, राधारानी, मंजली बहू, बड़ी बहू, शीलरानी, शारदा, मीरा, मीना, कुंवरबाई, नत्थी, द्रोपती, प्रभा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# बैठक में विवाद, लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना नाराहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़ा बुजुर्ग में बैठक के दौरान हुए विवाद में मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना नाराहट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बुढ़ा बुजुर्ग निवासी भगवानदास प्रजापति पुत्र जुगल प्रसाद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 7 फरवरी को गांव में मंदिर पर सामान्य बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी ग्रामीण मौजूद थे। बैठक के दौरान गांव के ही कुछ लोगों द्वारा प्रधान बनाए जाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया गया। आरोप है कि इसी दौरान धमकी भरे शब्द कहे गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पीड़ित ने बताया कि वह



विवाद बढ़ता देख वहां से अपने घर लौट आया। शिकायतकर्ता के अनुसार 8 फरवरी 2026 की सुबह जब वह गांव में गया तो आरोपियों द्वारा फिर से उसे अपमानित किया गया। इसके बाद दोपहर करीब 2.30 बजे आरोप है कि उक्त लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व जूतों से मारपीट की। इस दौरान उसके गले से सोने की चेन टूट गई, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची। आरोप है कि हमलावर उसका मोबाइल फोन भी छीन ले गए।

### निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन के बड़े भाई एवं अनुज जैन आयुष के पिता राजेश जैन के निधन पर व्यापार मंडल की हुई शोक बैठक में गहरा शोक व्यक्त कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महेंद्र जैन मयूर, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महेश जैन, अनिल जैन, अनिल अंचल, पंकज बिरधा, सतीश जैन, राजीव सुडेले, मनोज सोनी मज्जू, अवध बिहारी उपाध्याय, जयनारायण शर्मा, मनोज जैन, राजीव चौधरी, अवनीश जैन, नवीन सिंघई आदि मौजूद रहे।

# जमीन पर अवैध कब्जा कर धमकाने का आरोप जड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सौजना थाना क्षेत्र में भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट और जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। ग्राम सौजना निवासी बृजकिशोर पुत्र स्व.देवी प्रसाद की शिकायत पर थाना सौजना में शिकायत दर्ज की गई है। मामला बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। बृजकिशोर के अनुसार सौजना-मड़ावरा मार्ग स्थित उनके 30 वाई 40 वर्गफुट के आवासीय प्लॉट (खाता संख्या 2427/5) पर 28 जुलाई 2025 को आरोपियों द्वारा संगठित रूप से बलपूर्वक बजरी व गिट्टी डालकर गैरकानूनी कब्जा कर लिया गया। 30 जुलाई 2025 को जब पीड़ित ने कब्जा हटाने का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि पहले की गई शिकायतों पर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई, तब न्यायालय की शरण ली।

# महिलाओं में मारपीट, एक दूसरे पर आरोप लगाए

महिलाओं ने आलू की फसल को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी

पीड़िता ने गालियां देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता मोहिनी यादव पत्नी गुलाब यादव की तहरीर पर थाना तालबेहट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहिनी ने बताया कि घटना 8 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे की है। वह अपने घर के बाहर अपनी जेठानी की बेटी के साथ खड़ी थी। इसी दौरान गांव की ही निराशा पत्नी नारायण यादव, नेहा पत्नी अनेश यादव और बृज पत्नी बल्लू यादव वहां पहुंचीं। आरोप है कि तीनों महिलाओं ने आलू की फसल को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गईं। घटना से भयभीत पीड़िता ने तत्काल थाना तालबेहट पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दिन ब दिन समर्थन का दायरा और व्यापक हो रहा

लंबित जांच के विरोध में शुरू किया गया सत्याग्रह

# आठवें दिन भी प्रो. पंकज शर्मा का सत्याग्रह जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ प्रो. (मेजर) पंकज शर्मा द्वारा अपनी बहाली रोके जाने एवं 25 माह से अधिक समय से लंबित जांच के विरोध में शुरू किया गया सत्याग्रह आठवें दिन भी लगातार जारी रहा। महाविद्यालय परिसर स्थित इतिहास विभाग के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा यह सत्याग्रह अब केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष न रहकर, शिक्षा जगत में प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आवाज बनता जा रहा है। सत्याग्रह के आठवें दिन प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने दोहराया कि जांच को जानबूझकर लंबित रखकर उनकी नियुक्ति बहाली रोकी जा रही है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को लंबे समय से आर्थिक व मानसिक उत्पीडऩ का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए जब तक उन्हें न्याय नहीं



मिलेगा, तब तक उनका सत्याग्रह अनवरत जारी रहेगा। इधर, सत्याग्रह को मिल रहा समर्थन लगातार व्यापक होता जा रहा है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शिक्षक संघ के महामंत्री डा. अनिरुद्ध गोयल, पूर्व महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा आयोग के पूर्व सदस्य डा.बृजेंद्र सिंह बौद्ध, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. ज्योति वर्मा तथा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी हाथरस डा.मनोज कटारा पूर्व में सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर नैतिक समर्थन दे चुके हैं और मामले के शीघ्र समाधान की मांग कर चुकें हैं। सत्याग्रह के आठवें दिन एक अहम घटनाक्रम के तहत प्रबंध समिति द्वारा बर्खास्त किए गए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण द्विवेदी भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपने साथ हुए आर्थिक एवं मानसिक शोषण का उल्लेख करते हुए प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा के संघर्ष को पूर्ण समर्थन दिया और उन्हें शीघ्र ही ससम्मान बहाल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक शिक्षक का नहीं, बल्कि शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और न्याय का प्रश्न बन चुका है। उधर, नेहरू महाविद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रदीप चौबे द्वारा पूर्व में जारी पत्र के बावजूद अब तक किसी ठोस निर्णय या जांच निष्कर्ष के सामने न आने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में इस प्रकरण को लेकर चर्चाएं तेज होती जा रही हैं।

### पूर्व से स्वीकृत है 400 करोड़ का बजट, लेकिन सिर्फ स्वीकृति का इंतेजार

# भोपाल से स्वीकृत होकर दिल्ली में अटकी राजगढ़ बाइपास की फाइलें



आमजनों, सभी दलों की सहमति से दो रूटों के प्रस्ताव जा चुके हैं राजधानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

इसे विडंबना ही कहेंगे जो प्रदेश सहित केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद राजगढ़ मुख्यालय पर ही राजगढ़ बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर फाईलों में दबी हुई है। आलम यह है कि राजगढ़ जिले की तहसीलों एवं ब्लॉकों में बाईपास के निर्माण हो चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर बाईपास निर्माण की प्रक्रिया महज कुछ स्वीकृतियों के लिए अटकी हुई है।

आपको बतादें कि वर्तमान में राजगढ़ का बाईपास नगर की सीमा से होकर गुजरता है। ऐसे में हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही से नगरीय सीमा में अमूमन प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं। साल 2016 में ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हुए हाईवे के दोहरीकरण के समय भी एनएच(पीडल्यूडी) के जिम्मेदारों ने इस ओर विचार नहीं किया।

### 15 किमी के बाईपास हेतु 400 करोड़ हो चुके स्वीकृत

राजगढ़ मुख्यालय पर 400 करोड़ रुपए लागत वाले बाईपास निर्माण के प्रारंभिक चरण में तीन रूटों पर विचार किया गया था। पहला रूट खोयरी महादेव के ऊपरी क्षेत्र से होना प्रस्तावित हुआ था लेकिन 80 फीसदी वनक्षेत्र के चलते इस रूट को पूरी तरह खारिज कर दिया गया। बाद में बाईपास निर्माण के लिए दो रूट प्रस्तावित किए गए। इन दो रूटों पर आमजनों, सभी दलों के जनप्रतिनिधियों की सहमति एनएच(पीडल्यूडी) के अधिकारियों द्वारा ली गई। इसके बाद दोनों रूटों में से किसी एक रूट पर बाईपास निर्माण की फाईल भोपाल पहुंचने के उपरान्त राजधानी नई-दिल्ली भिजवा दी गई।

### 2024 में दो रूटों पर बनी थी सहमति

लेकिन, सितंबर 2024 से उक्त दोनों रूटों में से किसी एक की स्वीकृति के लिए फाईलें दिल्ली में पड़ी हुई धूल खा रही हैं। न तो जनप्रतिनिधि और न ही पीडल्यूडी(एनएच) के अधिकारियों द्वारा इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, भोपाल स्तर से रिमाइंडर करवाए गए हैं लेकिन उनका कोई सकारात्मक फल आज पर्यन्त तक नजर नहीं आया है।

### इन दोनों में से किसी एक पर बनना है बाईपास

राजगढ़ बाईपास निर्माण के लिए तीन रूट पर विचार हुआ था जिनमें से खोयरी महादेव के पीछे वाला रूट पूरी तरह से निरस्त हो चुका था। बाकि बचे दो रूटों में से किसी एक के फाईनल होने की स्वीकृति होना बाकी हैं इनमें एक रूट 9.5 किमी लंबा है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुरा, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं दूसरा रूट 15 किमी के लंगभग लंबा है जो रामपुरा, कालीतलाई, मदापुरा, पीपल्या, पाटन, गोवर्धनपुरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, फतेजपुर, जोगीपुरा का है।

### खास-खास

परियोजनाः राजगढ़ बाईपास निर्माण
विभागः पीडल्यूडी(एनएच)
लागतः 400 करोड़
कितने रूट प्रस्तावितः 02 रूट
किमीः 9.5 एवं 15 किमी के दो रूट प्रस्तावित
कहां अटकाः राजधानी दिल्ली

### इनका कहना है

कुछ तकनीकी कारणों से मामला पेडिंग है। एक बार पुनः दिल्ली जाकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

- रोडमल नागर, सांसद, लोकसभा, राजगढ़

# 3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

विधायक ओर एसपी को शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई,अब ऐसे में कैसे मिलेगा न्याय।




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर**

आए दिन सूदखोरी के मामले समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाते हैं, जिनमें लिये गये मूलधन राशि पर जरूरत मंद व्यक्ति से लिखा-पढ़ी तो दो रूपया सैकड़ा ब्याज दर पर सूदखोर करवाता है लेकिन जरूरत मंद व्यक्ति से वसूलता दस प्रतिशत की ब्याज दर पर है। यही नहीं मूलधन रूपया देते समय एक महीने का ब्याज पहले ही काट कर जरूरत मंद व्यक्ति को रूपया देता है।

जरूरतमंद व्यक्ति को जरूरत होने से वह व्यक्ति इस बात का विरोध भी नहीं करता ओर अपनी जरूरत पूर्ति हेतु सूदखोर से रूपया ले जाता है। जरूरत के समय लिया गया रूपया जरूरत मंद व्यक्ति के लिये बोझ बन जाता है ओर फिर किस्सा शुरू होता है ब्याज पर ब्याज लेने का। जरूरतमंद व्यक्ति उन पैसों को चुकाते -चुकाते अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है दो गुना , तिगुना रूपया देने के बाद भी वह रूपया नहीं चुका पाता। न्याय के लिये पुलिस थाने में गुहार भी लगाता लेकिन सूदखोर के दबदबे के कारण उचित सुनवाई नहीं होती बस व्यक्ति चक्कर लगाता रहता है।

ऐसा ही एक मामला रघुनंदन शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा निवासी दुर्गपुरा का देखने को मिला जिसमें रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता के एक्सीडेंट होने पर इलाज हेतु बीरम पिता हरिसिंह तंवर निवासी पुरा खाजला से 1 लाख रूपया लिया था। रूपया देते समय ही बीरम ने ब्याज के दस हजार रूपया काट कर 90 हजार रूपये दिये थे,जो रघुनंदन शर्मा को बारह महीने में बीरम तंवर को 10 प्रतिशत के ब्याज से 2 लाख बीस हजार रुपए देने थे।

जिसमें रघुनंदन शर्मा ने 5 महीने बाद पचास हजार रूपया बीरम तंवर को दे दिये ओर एक लाख सत्तर हजार रूपया लगभग आधा फागन की अमावस पर 1 लाख 70 हजार रूपया बीरम तंवर के घर जाकर दे दिये ।लिखा-पढ़ी का स्टाम्प जो2 प्रति शत के ब्याज से लिखवाया था वो वापस नहीं दिया।

बीरम तंवर ने कहा कि खिलचीपुर कमरे पर रखा है। जिसे एक दो दिन में वापस दे दूंगा लेकिन दो तीन महीने बीतने बाद भी नहीं दिया। रघुनंदन शर्मा ने मीडिया को बताया कि साहब मेने बीरम तंवर को पूरा रूपया जिस प्रकार हमारी बात थी दे दिया है, मुझे तीन माह बीतने पर भी लिखा-पढ़ी का स्टाम्प नहीं दिया।

उसी लिखा-पढ़ी को बताकर मुझसे मेरी गाड़ी 23/08/25 को मेरी गाड़ी मारूति में मण्डी के पास सांवरिया कम्प्यूटर पर बैठा तब बीरम तंवर आया ओर मुझसे रूपया मांगने लगा मेने बोला मेरे पिताजी ने आपका पूरा हिसाब कर तो दिया आपने अभी तक लिखा पड़ी स्टांप भी नहीं दिया। इतना ही कहने पर मुझे एक साइड ले जाकर बंदूक का कट्टा सिर पर लगाकर बीरम तंवर मुझसे गाड़ी की चाबी छुड़ाकर ले गया। जिसकी मेंने पुलिस थाने में रिपोर्ट की लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। खिलचीपुर थाने में मेने तीन बार आवेदन दे दिया एक बार तो थाने से आवेदन ही गुम हो गया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की ओर अभी तक एफआईआर भी नहीं की।

### जांच की जाएगी...

दोनों पक्षों को बुलाकर जांच कर दोषी पर एफआईआर की जावेगी।


**उमाशंकर मुकाती, थाना प्रभारी खिलचीपुर**

### प्रशासन ने की शासकीय भूमि चिन्हांकन की कार्रवाई

# विधायक के निर्देश पर खेल मैदान निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर**

नगर में वर्षों से लंबित खेल मैदान की मांग अब साकार होती नजर आ रही है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने नगर में खेल मैदान के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा शासकीय भूमि चिन्हित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय को निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे नगरवासियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।



उल्लेखनीय है कि नगर के खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं युवा पिछले कई वर्षों से एक स्थायी खेल मैदान की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अब तक स्थानीय प्रशासन और पूर्व जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस पहल नहीं कर पाए थे। बीती 1 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा के समक्ष नगरवासियों ने मंच से खेल मैदान की मांग रखी थी। विधायक ने मौके पर ही मंचासीन अनुविभागीय अधिकारी सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी तथा नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी को नगर में खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विधायक शर्मा ने जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भी सीधे चर्चा कर नगर के लिए खेल मैदान स्वीकृत कराने का आग्रह किया। विधायक की इस पहल का त्वरित परिणाम यह रहा कि जिला कलेक्टर कार्यालय से एसडीएम एवं नायब तहसीलदार को पत्र जारी कर एक माह के भीतर खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित कर सर्वे नंबर व नक्शा स्वीकृति की फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों का मानना है कि खेल मैदान के निर्माण से नगर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय कुरावर के क्रीड़ा शिक्षक प्रकाश सिंह तोमर ने कहा कि नगर में खेल मैदान की अत्यंत आवश्यकता है। इससे खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। पूर्व क्रिकेटर ओम शर्मा ने विधायक की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नए खेल मैदान के निर्माण से नगर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में बड़े स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए जा सकेंगे। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरीश सक्सेना ने कहा कि इस पहल से क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे खेलों को नई पहचान मिलेगी और नगर का नाम खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। खेल प्रेमी संतोष पटेल ने विधायक और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल मैदान बनने से युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगेगी और शासन की खेल प्रोत्साहन नीति को भी मजबूती मिलेगी। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी ने बताया कि इसलिए 1 फरवरी को सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के कार्यक्रम में विधायक ने खेल मैदान की जगह चिन्हित करने की बात कही थी एवं जिला कलेक्टर कार्यालय से खेल मैदान से संबंधित फाइल प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में शासकीय भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें लगभग एक माह का समय लगेगा।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर**

सीबीएसई एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा-12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन आध्यात्मिक , सकारात्मक रूप से की गई। रंगारंग प्रस्तुतियां कक्षा-11 व 12 के बच्चों द्वारा एकल गीत, समूह नृत्य किये। मनोरंजक खेलों भी रखें गये , जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा-12 के विद्यार्थी अजयपाल सिंह सोनगिरा, श्रद्धा बरेठा ने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए, कार्यक्रम के दौरान उपहार एवं टाइटल वितरण तथा रैम्प वॉक भी आकर्षण का केंद्र रहे। रेम्प वॉक को देखकर मिस्टर एंड मिस एडवांस्ड का चयन भी किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय संचालक गिरिराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित

### तीन सालों से मायके में रहने को मजबूर है पीड़िता

# दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने पर एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**




शहर के हाथीखाना निवासी 35 वर्षीय फरियादी महिला ने उसके पति के खिलाफ देहात प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित महिला के पति के खिलाफ मामला तेज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादिया भावना पति संतोष मेवाड़ा ने बताया कि वह वर्तमान में अपनी मां के साथ मायके में रह रही है और घर का कामकाज करती है। उसकी शादी वर्ष 2016 में सामाजिक रीति-रिवाज से संतोष मेवाड़ा निवासी ग्राम भैसयानागिन, थाना कालापीपल, जिला शाजापुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा दहेज की मांग की जाने लगी। बीते करीब तीन वर्षों से दहेज को लेकर छोटी-छोटी बातों पर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर करीब तीन साल पहले वह अपने मायके आकर मां के साथ रहने लगी।फरियादी ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे उसका पति उसके मायके आया और दहेज में सामान लाने की मांग करने लगा।

## रात में भी ठंड का असर, दिन में बढ़ा तापमान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

फरवरी माह में धीरे-धीरे ठंड का असर कम होता जा रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं रात में अब भी हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली, लेकिन रात के समय ठंडी हवा के कारण ठंड का असर बना हुआ है। सुबह और देर रात हल्की सर्दी के चलते लोग अब भी गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड का असर और कम होगा। फरवरी के आगे बढ़ने के साथ मौसम में बदलाव साफ दिखाई देने लगा है।

## पंडित अमित शर्मा बने आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने आगामी 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से शुरू होने वाले आजीवन सहयोग निधि के कार्यक्रम के आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा,सह प्रभारी पूर्व जिला मंत्री जगदीश नागर,जिला मंत्री हनुमान पाटीदार को नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से यहाँ अभियान चलाया जाएगा और सभी भाजपा जन प्रत्येक कार्यकर्ताओं के घर घर तक पहुंचे और उनकी आजीवन सहयोग निधि का संचय कर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करें।और जिले में हम इस अभियान को सफल बनाएंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली में जा रहे सरिए दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**

नगर के पुराने एबी रोड पर सरियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां में खुले रूप से सरियों का परिवहन करते हुए देखी जा सकती हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रित कर रही हैं। व्यस्त मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दिनभर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, फिर भी टैक्टर ट्राली में सरियों को बिना सुरक्षा उपायों से ले जाया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार सरिए ट्रॉली से बाहर निकले होने के कारण वाहन चालक संतुलन खोने की स्थिति में आ जाते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। दिन के साथ-साथ रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि अंधेरे में बाहर निकले सरिए साफ दिखाई नहीं देते, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नगरवासियों ने प्रशासन और यातायात विभाग से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और सरियों के परिवहन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी भी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। फिलहाल जिम्मेदार विभाग की अनदेखी लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है।

### मंत्री पंवार ने 6 पंचायतों में दी 3 करोड़ 96 लाख की सौगात

# विकास, सेवा और समृद्धि के संकल्प के साथ ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का 6 ग्राम पंचायतों में विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि ह्लहम खेती-किसानी से जुड़े लोग हैं और किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।ह्वउन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई परियोजनाओं और कृषि अधोसंरचना योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी है और खेती लाभ का व्यवसाय बनी है।






### जैविक खेती को बढ़ावा दें

मंत्री पंवार ने जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देशभर में प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की लागत कम हो रही है, बल्कि स्वस्थ उत्पादन के साथ बाजार में बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है।

### शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा के स्तर में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा नए स्कूल भवनों का निर्माण, सांदीपनि स्कूल,अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएँ अपने गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।

### डबल इंजन सरकार से चहुंमुखी विकास

मंत्री पंवार ने कहा कि ह्लडबल इंजन की सरकारह्व के कारण मध्य प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्ष 2003 से पूर्व कांग्रेस शासन में मध्य प्रदेश ह्लबीमा राज्यह्व की श्रेणी में चला गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी और तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है।

### जल परियोजनाओं से बदली क्षेत्र की तस्वीर

मंत्री पंवार ने जिले की बड़ी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोहनपुरा डैम, कुंडालिया डैम, सुठालिया परियोजना और पार्वती परियोजना से क्षेत्र में जल उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ा, कृषि को मजबूती मिली, किसान समृद्ध हुआ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनी। इन परियोजनाओं से लोगों की आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।